हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

04 नारी सशक्तिकरण व एकता का सशक्त...



07 कंपनी की लापरवाही से बर्बाद हो गई 100 करोड़...





## खबर संक्षेप

### टमाटर के थोक में दाम 3 से 5 रुपए हुए

खुरई। बेमौसम बरसात के बाद सब्जियों के उत्पादन पर भी असर पड़ा है। इसमें टमाटर की फसल सबसे ज्यादा प्रभावित है। टमाटर कछवारों में एक साथ पक रहा है। कच्चा टमाटर भी खराब हो जाएगा। ऐसे में किसान यह भी टमाटर भी तोड़ रहे हैं। जिससे उत्पादन ज्यादा हो गया है, मंडी में थोक में टमाटर के दाम 3 से 5 रुपए किलो हो गए हैं। शहर में ठेलों में टमाटर भरकर बेचा जा रहा है। फुटकर में 10 रुपए किलो एवं शाम को 10 रुपए में डेढ़ किलो तक टमाटर बेच रहे हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

खुरई। खुरई के रजवांस रोड स्थित धनौरा गांव के पास गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बाइक चालक घूमन पिता भगवती राय (43) बाहरपुर निवासी हैं। वे खुरई से अपने गांव लौट रहे थे। धनौरा गांव के पास पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मारी। घायल घूमन को तुरंत एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके चेहरे, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल की पत्नी ने बताया कि उनके पति खुरई बाजार से खरीदारी कर अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी एक कार चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। घूमन का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है।

### चंद्रलेश चौरसिया के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई


सागर। नगर निगम कार्यालय के वाहन विभाग में पदस्थ मस्टरकर्मी चंद्रलेश चौरसिया के आकस्मिक निधन पर निगम सभाकक्ष में शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोक सभा में कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक, राजेंद्र सनकत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का 32 एकल समूह में ई-टेण्डर

सागर। राज्य शासन के आदेशानुसार सागर जिले 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का 32 एकल समूह में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से वर्ष 2026-27 अर्थात 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक की अवधि के लिये मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 45 दिनांक 20.02.2026 में प्रकाशित निष्पादन की व्यवस्था, अधिसूचित शर्तों/निर्बन्धनों के अधीन एवं आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन हेतु निविदाएं आमत्रित की जाती है। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाईन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 27 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से 02 मार्च 2026 को दोपहर 02 बजे तक निर्धारित की गई है।

### बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया

सागर। बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों को नियोजकों एवं आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सहायक श्रमायुक्त कार्यालय सागर द्वारा जागरूकता रैली एवं जन-जागरण अभियान का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ यातायात चौकी कटरा बाजार से बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष किरण शर्मा एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य चंद्रप्रकाश शुक्ला द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।





रहस मेले में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के वीरों के पुरुषार्थ को किया प्रणाम

# हर खेत को मिलेगा पानी, एक लाख करोड़ के बजट से संवरेगा एमपी का किसानः मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गढ़ाकोटा में ऐतिहासिक रहस मेले का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने न केवल बुंदेलखंड के वीरों के पुरुषार्थ को नमन किया, बल्कि मध्यप्रदेश के अन्नदाताओं और बच्चों के भविष्य के लिए सरकार द्वारा इस वर्ष बजट के माध्यम से लिए क्रांतिकारी निर्णयों को भी रखा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार का संकल्प हर खेत तक पानी पहुँचाना और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज गढ़ाकोटा में आयोजित रहस लोकोत्सव 2026 एवं बुन्देलखण्ड स्तरीय किसान एवं ग्रामीण शहरी आजीविका समूहों के सम्मेलन समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर गढ़ाकोटा रहस मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह रहस मेला नही रहस्य मेला है। यहा आकर ऐंसा लगा ऐंसे आज ही सारे त्योहार मन गए। लोगों का उत्साह देखकर मन आल्हादित हो गया।

मुख्यमंत्री ने मेले के 217 साल पुराने गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए और उनके शौर्य को प्रणाम करते हुए कहा

**बड़े लडैया महोबा वाले, जिन की मार सही ना जाये।**

**एक को मारे दोई मर जावे, तीजा खौफ खाये मर जाये।।**

ऐसी वीरता और पराक्रम का लोहा मनवाने वाले मातृभूमि पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान योद्धाओं की भूमि को कोटिशः नमन।

### अन्नदाताओं के लिए एक लाख करोड़ का सुरक्षा चक्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष किसानों के कल्याण के लिए 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट समर्पित कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारा संकल्प प्रत्येक किसान तक सिंचाई का पानी पहुंचाना है, जिससे प्रदेश के सिंचाई रकबे में ऐतिहासिक वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण संस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए फूड पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योगों के उत्थान और किसानों को उनकी फसल के सही दाम प्राप्त हों इसके लिए सरकार ने वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष घोषित किया है। किसानों के कल्याण के लिए इस साल के बजट में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट रखा गया है। उन्होंने कहा कि पशु पालन और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए सरकार के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने रहली विधासभा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती देते हुए खेजरा-शाहपुर-मोकलपुर फ्लाईओवर के निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने रहली एवं गढ़ाकोटा कृषि उपज मंडी के उन्नयन के लिए 5-5 करोड़ रुपए एवं शाहपुर उपमंडी के विकास हेतु एक करोड़ रुपए की स्वीकृति दी जिससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज का सही दाम और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें इसके साथ ही उन्होंने रहली रमखरिया, सिमरिया नायक बहेरिया मढ़ा ( लगभग 22 किलोमीटर) मार्ग के उन्नयन और चौड़ीकरण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बुंदेलखंड में बीड़ी उद्योग और तेंदूपत्ता संग्रहण केवल व्यापार नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की जीविका रहा है। यहां बीड़ी, तेंदूपत्ते और हस्तकला आधारित लघु इकाइयों को मिलेगा प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीड़ी बनाने वाले एवं तेंदूपत्ता का संग्रहण करने वाले व्यक्तियों के उन्नयन के लिए सांसद, विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एक कमेटी बनाकर निर्णय लें तथा निर्णय से मुझे अवगत कराएं जिस पर कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स एवं स्टेडियम कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। इसी प्रकार ढाना में शासकीय महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय और इतिहास के नए विषय खोलने को भी मंजूरी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 32.78 लाख से अधिक हितग्राहियों के बैंक खातों में 196.72 करोड़ रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की। इसमें सागर जिले के 200688 पेंशन लाभार्थियों को 12.03 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और पोषण को जोड़ते हुए सरकार ने यशोदा योजना की शुरुआत की है। इसके तहत अब कक्षा 1 से 8वीं तक के सरकारी स्कूली बच्चों को स्कूलों में पौष्टिक टैट्रा पैक दूध उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे नौनिहालों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार के माध्यम से पुस्तकें, साईकिल, गणवेश, भोजन, छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है और स्कूलों में टॉप करने वाले बच्चों को स्कूटी प्रदान की जार रही है।

## विद्वानों का निर्णयः 2 मार्च को रात्रि 12.50 से 2.30 के बीच होलिका दहन करना शुभ

### 3 को सुबह 9.31 से रहेगा ग्रहण का वेध मंदिरों के कपाट हो जाएंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

होलिका दहन के समय तारीख को लेकर सागर के ज्योतिष विद्वानों ने एक राय बना ली है साथ ही चंद्रग्रहण को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि हमारे संघ की तिथि पर्व निर्धारण समिति ने सभी पंचांगों और ज्योतिष के विभिन्न निर्णायक ग्रंथों का अवलोकन करके मंथन किया और सभी विद्वानों ने एक राय होकर निर्णय दिया है जिसके अनुसार 2 मार्च सोमवार को रात्रि 12.50 बजे से 2.30 बजे तक भद्रा के पुच्छकाल में होलिका दहन किया जायेगा। सोमवार को पूर्णिमा तिथि सायं 5 बजकर 18 मिनिट से प्रारंभ होगी इसी के साथ भद्रा भी लग जायेगी और रात्रि अंत तक विद्यमान रहेगी पूर्णिमा अगले दिन 3 मार्च मंगलवार को सायं 5 बजे तक रहेगी, 2मार्च को प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा में सभी विद्वानों के अनुसार होलिका दहन शुभ है।3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण रहेगा जो मोक्ष होते समय सिर्फ 30 मिनट के लिए रहेगा सागर में स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजकर 18 मिनट पर चंद्रोदय होगा और 6 बजकर 46 मिनट पर ग्रहण का पूर्ण मोक्ष हो जायेगा। ग्रहण का सूतक सुबह 9.31 बजे से लगेगा इसके साथ ही मंदिरों का कपाट बंद कर दिए जाएंगे शाम को ग्रहण मोक्ष उपरांत मंदिरों की सफाई धुलाई स्थापित मूर्तियों के स्नान आदि होकर पोशाक बदली जाएंगी आरती पूजन की जायेगी।

होली उत्सव 3 और 4 को दोनों दिन मना सकते है किन्तु 4 को प्रतिपदा होने से होली उत्सव ज्यादा शुभ रहेगा क्योंकि 3को तो पूर्णिमा ही विद्यमान रहेगी और होली उत्सव परमा को मनाया जाता है, 5मार्च गुरुवार को भाईदूज रहेगी, 8 मार्च रविवार को रंगपंचमी मनाई जायेगी।

### इन विद्वानो ने विचार मंथन कर के दिया निर्णय

पं. राजेन्द्रप्रसाद पांडेय सानौधा, पं. रामगोविन्द शास्त्री, पं. रामेश्वरप्रसाद तिवारी बंडा, पं.पुरुषोत्तम गौतम, पं. रामचरण शास्त्री, पं. पंकजप्रसाद तिवारी, पं.रमाकांत त्रिवेदी, पं. बालमुकुंद शास्त्री, पं.दिनेश पाण्डेय, पं.आशीष प्यासी, पं.कलश द्विवेदी खुरई आदि प्रमुख हैं।



### निशुल्क स्वास्थ्य व परामर्श परीक्षण शिविर संपन्न

सागर। डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के प्रथम चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की पुण्य स्मृति में 150 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। जिसमें 125 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला, पूर्व विधि सदस्य, भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद भारत सरकार, पूर्व अध्यक्ष, आयुर्वेद, यूनानी व पाकृतिक चिकित्सा बोर्ड,म.प.शासन, म.प.नीमा के उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित, समाज सेवी, ७८ वर्ष की आयु में सतत पीड़ित मानवता की सेवा में रत द्वारा किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया। इसमें मधुमेह 30, रक्ताल्पता 20, यूरिक एसिड 25, बी एम डी 35, श्वास 15 की जांच की गई यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया। जिसमें मकरोनिया, रजाखेड़ी, पथरिया जाट, तिली, बदतूमा, रेगवा, बाबूपुरा,पटकुई एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में यशवंत कुमार, लोकेश साहू, सत्येश शुक्ला, राजेंद्र रावत, अंकित मिश्रा, दीपक मिश्रा, सोनू साहू, दीपक शाह, अजय द्विवेदी इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।



### महिला ब्रिगेड द्वारा नागरिकों से संपर्क कर बकाया करों की राशि जमा कराई

सागर। निगम आयुक्त द्वारा बकाया करों की राशि की वसूली सुनिश्चित करने हेतु गठित महिला ब्रिगेड द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सक्रिय रूप से अभियान चलाया जा रहा है। महिला ब्रिगेड की टीम बकायादारों से सीधे संपर्क कर उन्हें संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क तथा दुकानों के किराये की लंबित राशि जमा करने के लिए प्रेरित कर रही है। महिला ब्रिगेड द्वारा शास्त्री वार्ड, संतकंवर राम वार्ड, मोतीनगर, कटरा वार्ड में बकायादारों से संपर्क किया गया तथा मौके पर ही कई नागरिकों ने कर की राशि जमा कराई । इस दौरान टीम द्वारा नागरिकों को वित्तीय वर्ष 2025–26 के संपत्तिकर को 31 मार्च के पूर्व जमा करने के लिए जागरूक किया।

## खुरई-बीना रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत, 2 युवक घायल, अस्पताल में एक घंटे तक नहीं मिला इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई-बीना रोड पर स्थित गैस एजेंसी के सामने गुरुवार सुबह दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दो बाइक सवार युवक घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन करीब एक घंटे तक घायलों को इलाज नहीं मिल सका। जानकारी के अनुसार, खुरई निवासी गोविंद पिता मानक चढ़ार (24) अपने एक साथी के साथ गैस एजेंसी से सिलेंडर भरवाकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे गैस एजेंसी के गोदाम से बाहर सड़क पर आए, तभी खुरई की ओर से आ रहे कुरवाई केथोरा निवासी सचिन पिता लाखन कुर्मी की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। सचिन बीना की ओर जा रहे थे। इस भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सिलेंडर लिए बैठा युवक सुरक्षित रहा।



### घायलों को अस्पताल में 1 घंटे नहीं मिला इलाज

घायलों को गैस एजेंसी के वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों के अनुसार, अस्पताल में वार्डबॉय मौजूद नहीं था, जिसके कारण करीब एक घंटे तक घायलों का उपचार शुरू नहीं हो सका। घायल सचिन कुर्मी के परिजन भागीरथ पटेल ने बताया कि सचिन अपनी ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने आए थे और गुरुवार सुबह घर लौट रहे थे। अस्पताल में उनके रिश्तेदार और ड्रेसर पंकज के आने के बाद ही घायलों के घावों को साफ करने का काम शुरू हो सका। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर इलाज शुरू करने से पहले बार-बार पुलिस केस के बारे में पूछ रहे थे।

### बीएमओ बोले- जांच कर कार्रवाई की जाएगी

सुबह 8 बजे से वार्डबॉय की ड्यूटी शुरू हो जाती है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक वह अनुपस्थित था। ड्रेसर पंकज ने वार्डबॉय का काम संभालकर घायलों का प्राथमिक उपचार किया। खुरई बीएमओ डॉ रामजी सिंह ठाकुर ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



### विवि में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, जेके सीमेंट व राइनेक्स द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल द्वारा देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं 'अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, जेके सीमेंट एवं राइनेक्स द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में बदलाव लाने के इच्छुक प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी टीम के साथ जोड़ना था। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान फाउंडेशन के प्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के विषय ज्ञान, शिक्षण कौशल, सामाजिक सरोकार एवं नेतृत्व क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागो के लगभग 283 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिनमे से नैनी अहिवार, अभिषेक त्यागी, यशवंत पटेल (रसायन विज्ञान) साक्षी विश्वकर्मा, मीनाक्षी सराफ, ज्योति मेहरा (भूगोल विभाग) संजना सिंह (इतिहास) निकिता परधान शिवांगी मेहरा अभिषेक मौर्य (शिक्षा शास्त्र) राज तिवारी (अंग्रेजी) आकांक्षा आनंद (वनस्पति विज्ञान) सिद्धांत पारीछा (बायोटेक्नोलॉजी) का चयन 4.5 एलपीए के पैकेज में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में हुआ। भूगर्भ शास्त्र विभाग से एमटेक के अनूप एवं बिशालू साहू का चयन 5.5 एलपीए के पैकेज में जेपी सीमेंट में हुआ। और 6 अन्य विधार्थी आदित्य गुप्ता, भरत सिंह ठाकुर, दिव्यानी, चिराग जैन सत्यप्रकाश तिवारी एवं अंजलि तिवारी, का चयन 3 एलपीए के पैकेज में रेनेक्स कंपनी बेंगलोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ठाकुर ने विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. ठाकुर ने विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकानाये दी। इस अवसर पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट और स्टार्टअप सेल के समन्वयक डॉ. अभिषेक बंसल ने बताया कहा कि ₹अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, जेके सीमेंट एवं राइनेक्स जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओ का हमारे परिसर में आना गौरव की बात है। यह हमारे छात्रों के लिए न केवल रोजगार का अवसर है, बल्कि समाज के प्रति योगदान देने का एक बेहतरीन मंच भी है।

आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख विषय पर जिला स्तरीय युवा संसद-2026 आयोजित

## युवाओं में राष्ट्रीयता हो तभी विकसित भारत बनेगाः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर









आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख विषय पर आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद-2026 कार्यक्रम में युवा नेता अविराज सिंह ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि आज का विषय केवल इतिहास की चर्चा भर नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में युवाओं की भूमिका को समझने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि वे दो महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखना चाहते हैं-पहला विकसित भारत और दूसरा 25 जून 1975 को घोषित किया गया आपातकाल। यह कार्यक्रम सागर स्थित इंफिनिटी मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और युवाओं ने भाग लिया। अविराज सिंह ने कहा कि भारत के प्रत्येक युवा को यह जानना चाहिए कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक देश में क्या परिस्थितियाँ रहीं। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष पहले की वह रात भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और विवादित अध्याय के रूप में दर्ज है।

उन्होंने बताया कि 1971 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रायबरेली से अपने प्रतिद्वंद्वी राज नारायण के विरुद्ध चुनाव जीता था। चुनाव परिणाम के चार वर्ष बाद राज नारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। उनकी दलील थी कि चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया।

अविराज सिंह ने कहा कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्णय सुनाते हुए इंदिरा गांधी को दोषी ठहराया और उनकी लोकसभा सदस्यता निरस्त कर दी, साथ ही छह वर्ष तक चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगाया। इसके बाद 24 जून 1975 को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय पर पूर्ण स्थगन देने से इंकार करते हुए सीमित राहत दी।

उन्होंने कहा कि इसके पश्चात 25 जून 1975 को देश में आपातकाल घोषित किया गया। आपातकाल लागू होने के बाद कई संवैधानिक प्रावधानों में संशोधन किए गए और केंद्र सरकार की शक्तियों में व्यापक वृद्धि हुई। इसी दौरान संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़े गए।

उन्होंने कहा कि आपातकाल की घोषणा के बाद प्रेस पर नियंत्रण स्थापित किया गया। दिल्ली सहित कई स्थानों पर अखबारों की बिजली आपूर्ति रोक दी गई, जिससे आपातकाल संबंधी समाचारों का प्रकाशन प्रभावित हुआ। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि उस समय अनेक विपक्षी नेताओं को बिना मुकदमा चलाए गिरफ्तार किया गया और उनके परिवारजनों को लंबे समय तक उनके ठिकाने की जानकारी नहीं मिल पाई।अविराज सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सहित कई वरिष्ठ नेताओं को लंबे समय तक नजरबंद या कारावास में रखा गया। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि यह समय भारतीय लोकतंत्र के लिए एक कठिन परीक्षा की घड़ी थी।उन्होंने कहा 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक की अवधि भारतीय लोकतंत्र के लिए एक बड़ी सीख है। हमें यह समझना होगा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल संविधान से नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों से होती है।

अविराज सिंह ने कहा जिस व्यवस्था में लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान नहीं होता, वहां नागरिक स्वतंत्रताएँ खतरे में पड़ सकती हैं। इसलिए युवाओं को इतिहास से सीख लेकर भविष्य गढ़ना होगा। आज के युवाओं को केवल राजनीति करने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रनीति के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए आगे आना चाहिए।

### जतारा विधायक ने विधानसभा में मुद्दा उठाकर सरकार से मांगे जवाब

# जिले में टंकियां तो बनी लेकिन करोड़ों खर्च होने पर भी नल जल दूरः खटीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सरकार द्वारा करोड़ो रूपये खर्च करने के बाबजूद नलजल योजना की उपयोगिता से जिले की जनता दूर है। नलजल योजना में सिर्फ पानी की टंकियां बना दी गईं परन्तु नलजल योजना प्रारंभ नहीं हुई। उक्त सवाल जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने विधानसभा में उठाकर सरकार से जबाब माँगा है। साथ ही बाँध सुजारा से क्षेत्र की योजनाओं को जोड़ने की भी मांग सरकार के समक्ष रखी है।




### जतारा पलेरा क्षेत्र की योजनाओं को जोड़ने की पुरजोर मांग

जिले की करीब 90 ग्राम पंचायतों में करोड़ों की लागत से नल-जल योजना के तहत टंकियां तो बन गई हैं, लेकिन ग्रामीणों को अब तक पानी नसीब नहीं हो रहा है। इस गंभीर समस्या को जतारा से भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक ने विधानसभा में उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा है। साथ ही उन्होंने बान सुजारा बांध से जतारा और पलेरा क्षेत्र की योजनाओं को जोड़ने की भी पुरजोर मांग की है, जिससे क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके।

### मंत्री ने विशेष टीम गठित करने का दिया आश्वासन

पीएचई मंत्री उइके ने जतारा विधायक हरिशंकर को आश्वासन देते हुए कहा कि बान सुजारा बांध से पानी उपलब्ध कराने की संभावनाओं को देखने के लिए संबंधित अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित की जाएगी। यह टीम जल्द ही वस्तुस्थिति की जांच कर रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर कार्य करते हुए क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू करने के हरसंभव प्रयास तीव्र गति से किए जाएंगे।

### जल स्रोत तो जलविहीन लेकिन टंकियां कर दी गईं तैयार

जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने विधानसभा में बताया कि क्षेत्र की चंदेरा, बम्हौरी कला, कनेरा, स्यावनी और सिमराखुर्द जैसी कई बड़ी पंचायतों में नलजल योजना अंतर्गत बुनियादी ढांचा तो तैयार है, लेकिन इसके बाबजूद भी पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। उक्त संबंध में विभागीय अधिकारी जल स्त्रोतों में पानी की कमी का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। विधायक हरिशंकर खटीक ने सरकार से सवाल किया कि आखिर इन गांवों के लोगों को शुद्ध पेयजल कब तक मिल पाएगा?

### अनुमति मिलने में देरी होने का दिया मंत्री ने हवाला

जतारा विधायक हरिशंकर के सवाल पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने जवाब देते हुए कहा कि बान-सुजारा समूह जल प्रदाय योजना का काम अभी भी चल रहा है। उन्होंने बताया कि अलग अलग विभागों से एनओसी मिलने में देरी होने की वजह से प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हो सका। सरकार ने निर्माण एजेंसी को अब तक 225.38 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, साथ ही शर्तों का उल्लंघन करने पर कंपनी के बिल से 3.93 करोड़ रुपए की कटौती भी की गई है।

### खनिज व पुलिस विभाग की आंखों के सामने दौड़ रहे हाइवा

# जिले में बेखौफ रेत माफिया रातों-रात बेच रहे रेत, प्रशासन सेटिंग रूपी नींद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



रेत से भरा वाहन अगर सामने दिख जाये तो पुलिस व खनिज की आँखें चमक उठती थी लेकिन ताज्जुब की बात है कि पुलिस के सामने रेत से ओवरलोड भरे 4 हाइवा रात के अँधेरे में सरपट दौड़ते हुए निकले लेकिन पुलिस अपने वाहन के समीप खड़े होकर निश्चिन्त रूप में चाय पीती हुई दिखाई दी। यह वाक्या मीडिया ने ज़ब स्वयं देखा तो हैरान रह गईं। और ज़ब मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों से पूंछा कि रेत वाहनो को क्यों नहीं रोका गया तो पुलिस कर्मचारियों ने चेहरे पर हल्की सी मुस्कान बिखेरते हुए चाय पीने का ऑफर दे दिया। यह वाक्या इस शंका को बल दे रहा है कि खनिज माफिया की सेटिंग कितनी मजबूत और अपनी जिम्मेदारी को लेकर प्रशासनिक जबाबदेही कितनी लचर है। टीकमगढ़ की सड़कों पर रात के सन्नाटे को चीरते हुए ओवरलोड हाइवा यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं। यह सिर्फ रेत का अबैध परिवहन नहीं, बल्कि शासन के राजस्व की सरेआम डकैती है।

नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए माफियाओं ने नया फॉर्मूला निकाला है कि ठेका कहीं का, और उसकी आड़ में रेत उत्खनन कहीं और से। शासन के नियमों को ताक पर रखकर लिफ्टर से नदियों को छलनी कर रेत निकाली जा रही है। लेकिन खनिज विभाग को इस कार्य की भनक तक नहीं लगती। और ज़ब जानकारी दी जाती है तो खनिज बिभाग को मौके पर एकाध ट्रेक्टर ही मिलता है। जो सवाल खड़े करता है।

जबकि रेत माफिया द्वारा क्षमता से अधिक रेत भरकर हाइवा जैसे बड़े बाहनो को सड़क पर सरपट दौड़ाया जा रहा है। बड़ा सवाल तो यह है कि नाके और चौकियां होने के बावजूद ये ओवरलोड वाहन बेखौफ कैसे निकल रहे हैं? ₹क्या रेत के इस काले बाजार में 'ऊपर' तक सचमुच रेत माफिया की सेटिंग है?

### कार्रवाई करेंगे

लिफ्टर का उपयोग करके नदी से रेत निकाला जाना नियम विरुद्ध है। हमने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पहले छापामार कार्रवाई भी की है। अभी मैं ट्रेनिंग पर बाहर हूं। लेकिन टीकमगढ़ पहुंचते ही पुनः सटीक कार्यवाही की जाएगी। कोई भी अनैतिक तरीके से कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

**विपुल रावत,** खनिज अधिकारी, खनिज विभाग टीकमगढ़

### शासन निर्देशों के पालन में ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध अभियान जारी

# चेतावनी के बाद भी बेलगाम डीजे पर एसपी की कार्रवाई शुरू






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

परीक्षाकाल में ध्वनि प्रदूषण कर छात्र छात्राओं की परीक्षा तैयारी में बाधक बन रहे और शासन के नियमों का उल्लंघन कर रहे डीजे संचालको को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के निर्देशन में पहले तो बैठक करके नसीहत दी गईं। और ज़ब कुछ डीजे संचालक शासन के नियमों को तोड़ते हुए ध्वनि प्रदूषण करते पाए गये। तब पुलिस द्वारा उनके बिरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ कर दी गईं है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शासन के निर्देशों का उलंघन वर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के मानक पालन के लिये जिला पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना एवं आईजीपी सागर डॉ हिमानी खन्ना, डीआईजी विजय खत्री के द्वारा दिए निर्देश अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से अमानक स्तर पर ध्वनि प्रदूषण किए जाने पर कठोर कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का संचालन शासन की निर्धारित गाइडलाइन एवं मानक स्तर के अनुरूप कराने के लिये निर्देशित किया गया है। विशेष रूप से विद्यालयीन परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए डीजे संचालन को नियमानुसार एवं निर्धारित ध्वनि सीमा के भीतर रखने पर बल दिया गया है। निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई के आदेश भी दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्र में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि भूषण पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शहर स्थित संगम गार्डन के समीप औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो डीजे संचालक अमानक ध्वनि स्तर पर संचालन करते पाए गए, जो शासन की गाइडलाइन का उल्लंघन कर रहे थे।

पुलिस द्वारा दोनों डीजे उपकरण जप्त कर थाना कोतवाली में धारा 7/15 मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर संबंधित आरोपी राघवेन्द्र पिता नंदराम यादव उम्र 28 साल निवासी बड़ागांव एवं मनोज नापित पिता माखन नामित उम्र 40 साल निवासी ग्राम पपावनीके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में रक्षित निरीक्षक ट्रैफिक कैलाश पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि भूषण पाठक, उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह घोषी, प्रधान आरक्षक मूलचंद, आरक्षक रजत दांगी, आरक्षक आकाश पांडे एवं आरक्षक अजय पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जिला पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ध्वनि प्रदूषण से जनसामान्य, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को होने वाली असुविधा को गंभीरता से लेते हुए अमानक स्तर पर संचालित डीजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# एमएलसी व पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देरी पर जिले के दोनों मुखिया सख्त

### कलेक्टर व एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई पुलिस और चिकित्सा समन्वय बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला चिकित्सालय से ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त होने वाली एमएलसी मेडिको लीगल केस एवं पोस्टमार्टम रिपोर्टों में हो रही विलंबित प्राप्ति की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए 25 फ़रवरी को पुलिस कंट्रोल रूम में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोतीय एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

बैठक में पुलिस एवं चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं सीसीटीएनएस प्रभारी सुनील प्रजापति उपस्थित रहे। चिकित्सा विभाग की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. अनुरागी, आरएमओ डॉ. डी.एस. भदौरिया, असिस्टेंट मैनेजर डॉ. अंकुर साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर शुभम श्रीवास तथा जिले के समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से पधारे चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए।

उक्त बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्टों की विधिक प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समयबद्ध एवं सटीक रिपोर्ट उपलब्ध होना न्यायिक प्रक्रिया की आधारशिला है। रिपोर्टों में अनावश्यक विलंब से विवेचना प्रभावित होती है, जिससे न्यायिक कार्यवाही में बाधा उत्पन्न होती है। इसलिये सभी संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में विशेष संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना आवश्यक है।

बैठक में विगत अवधि में चिकित्सा विभाग को भेजे गये प्रकरणों की संख्यात्मक समीक्षा प्रस्तुत की गई, जिसमें पाया गया कि अनेक मामलों में रिपोर्ट समयसीमा के भीतर प्राप्त नहीं हो सकी। इस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनुरागी ने स्थिति को स्वीकार करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम शीघ्र सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने भविष्य में प्रक्रियागत पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु नियमित संयुक्त बैठकों के आयोजन का प्रस्ताव भी रखा।

इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने कहा कि पुलिस एवं चिकित्सा विभाग, दोनों ही न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा में ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जाएं तथा लंबित प्रकरणों की प्राथमिकता से समीक्षा कर शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब के लिए संबंधित उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। कलेक्टर ने दोनों विभागों के मध्य सुदृढ़ समन्वय, नियमित संवाद एवं तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। बैठक के माध्यम से पुलिस एवं चिकित्सा विभाग के मध्य प्रभावी संवाद स्थापित हुआ तथा विधिक प्रक्रियाओं को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में ठोस एवं सकारात्मक पहल की गई। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, डॉ ओ पी अनुरागी, डॉ अंकित त्रिपाठी, डॉ रुचि साहू, डॉ सतीश कुमार राय, डॉ संजय अहिरवार, डॉ अरविंद, डीपीओ जयेन्द्र जैन सहित थाना प्रभारी कोतवाली, देहात एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा

# हाईवा खरीद में दो लाख हड़पने का आरोप आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हाईवा वाहन खरीद के सौदे में धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला सामने आया है। झांसी जनपद के थाना बबीना क्षेत्र के ग्राम वधौरा निवासी महेंद्र पुत्र शिवकुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार उसने 6 जनवरी 2025 को तालबेहट निवासी व्यक्ति से हाईवा (रजिस्ट्रेशन संख्या यू.पी. 94 टी 3311) को 12 लाख रुपये में खरीदने का सौदा किया था। सौदे के तहतपीड़ित नेबतौर पेशगी 1 लाख रुपयेनकदऔर 1.50लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से, कुल 2.50 लाख रुपये दे दिए थे। तय हुआ था कि शेष 9.50 लाख रुपये देने के बाद वाहन उसके नाम ट्रांसफर कर दिया जाएगा।


महेंद्र का आरोप है कि आरोपी ने न तो वाहन उसके नाम किया और न ही दी गई रकम वापस की। उसने बताया कि फोनपे से दिए गए 50 हजार रुपये लौटाने के बाद आरोपी अब शेष 2 लाख रुपये वापस देने से साफ मना कर रहा है और लगातार टालमटोल कर रहा है। प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मरवाने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शेष 2 लाख रुपये दिलवाने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### रेल मंत्री को लिखे पत्र में कहा, खजुराहो से सुबह और भोपाल से शाम को चले ट्रेन

# महामना एक्सप्रेस का समय बदलने की सांसद ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





डॉ. वीरेन्द्र कुमार
DR. VIRENDRA KUMAR
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF
SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

कार्यालय : 202, सी विंग, शास्त्री भ[वन]
नई दिल्ली–110115
Office : 202, 'C' Wing, Shastri Bhaw[an]
New Delhi-110115
Tel. : 011-23381001, 23381390, Fax : 011-233[...]
E-mail : min-sje@nic.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अ.शा. पत्र क्र: मं.सा.न्या.अ.आ.(टी.)/2025/ 1610 16.02.2026

माननीय श्री अश्विनी वैष्णव जी,

मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत संचालित होने वाले ट्रेन संख्या 22164 खजुराहो भोपाल महामना एक्सप्रेस संचालित की जा रही है जो कि वर्तमान में खजुराहो से सांय 4.30 पर चलकर भोपाल रात्रि में 11.05 पर पहुंचती है तथा यही ट्रेन 22163 भोपाल से प्रातःकाल 6.30 पर चलकर टीकमगढ़, छतरपुर होते हुए खजुराहो दोपहर में 12.55 पर पहुंचती है। महामना एक्सप्रेस ट्रेन की वर्तमान समय सारिणी के अनुसार ट्रेन से आने जाने लिए यात्रीगणों को भोपाल में 2 रात मजबूरी में रूकना पड़ता है। जिससे उनका अनावश्यक समय भी बर्बाद होता है और अनावश्यक आर्थिक बोझ भी वहन करना पड़ता है। टीकमगढ़ छतरपुर क्षेत्रवासियों द्वारा खजुराहो भोपाल महामना एक्सप्रेस ट्रेन की समय सारिणी में परिवर्तन की माँग काफी समय से की जा रही है।

खजुराहो भोपाल महामना एक्सप्रेस ट्रेन (22163/22164) की समय सारिणी में परिवर्तन इस प्रकार किया जाए जिससे कि यह ट्रेन खजुराहो से सुबह 5 बजे चलाकर 10.30-11.00 बजे के बीच तक भोपाल पहुंचे एवं शाम को भोपाल से यह ट्रेन 5-6 बजे चलकर वापिस 10.30-11.00 बजे तक रात्रि में खजुराहो पहुंच सके। जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधा मिल सके।

अतः खजुराहो भोपाल महामना एक्सप्रेस का समय परिवर्तन काफी समय से लंबित मांग को दृष्टिगत रखते हुए विचार कर अतिशीघ्र समय परिवर्तन कराए जाने हेतु सहयोग प्रदान करें। जिससे टीकमगढ़ छतरपुर जिले के बड़ी संख्या में शासकीय सेवकों, व्यवसायीयों, छात्रों एवं आमजनों को इस ट्रेन का लाभ सही रूप में प्राप्त हो सके एवं यात्रीगण भोपाल में रात्रि में रूकने के अनावश्यक खर्च और समय की बर्बादी से बच सके।

(डॉ. वीरेन्द्र कुमार)

माननीय श्री अश्विनी वैष्णव जी,
केन्द्रीय रेल मंत्री
भारत सरकार, नई दिल्ली

संसदीय क्षेत्र की जनता की सहूलियत व सुविधा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने महामना एक्सप्रेस ट्रेन के समय में रेलमंत्री से परिवर्तन की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए खजुराहो से भोपाल चलने वाली महामना एक्सप्रेस का समय बदलने का आग्रह किया है।

केंद्रीय मंत्री ने अपने पत्र में उल्लेख करते हुए कहा है कि वर्तमान में ट्रेन संख्या 22164 खजुराहो से शाम साढ़े 4 बजे चलकर रात 11 बजकर 05 मिनिट पर भोपाल पहुंचती है। वहीं, ट्रेन संख्या 22163 भोपाल से सुबह साढ़े 6 बजे रवाना होकर टीकमगढ़ और छतरपुर होते हुए दोपहर लगभग 1 बजे खजुराहो पहुंचती है। इस समय सारिणी के कारण यात्रियों को भोपाल में अनावश्यक रूप से दो रातें रुकना पड़ता है, जिससे उनका समय और धन दोनों बर्बाद होता है। सांसद डॉ. कुमार ने मांग की है कि खजुराहो भोपाल महामना एक्सप्रेस की समय सारिणी में बदलाव किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि ट्रेन खजुराहो से सुबह 5 बजे चलकर सुबह साढ़े 10 से 11 बजे के बीच भोपाल पहुंचे। एबं वापसी में, यह ट्रेन भोपाल से शाम 5 से 6 बजे के बीच रवाना होकर रात साढ़े 10 से 11 बजे तक खजुराहो पहुंच सके। उल्लेखनीय है कि टीकमगढ़ और छतरपुर क्षेत्र के निवासियों द्वारा खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस ट्रेन के समय में परिवर्तन की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस बदलाव से क्षेत्र के लोगों को यात्रा में काफी सुविधा मिलेगी।

### सहारा अभियान अंतर्गत की जा चुकी 116 बेटियों के विवाह में सहभागिता

# नारी सशक्तिकरण व एकता का सशक्त प्रतीक सामूहिक विवाहः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले के पलेरा थाना अंतर्गत ग्राम बेला स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर परिसर में 25 फ़रवरी को श्रद्धा, भावनाओं और सामाजिक समरसता से ओत-प्रोत वातावरण में 43 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस पुनीत आयोजन में समाजसेवी संत सीताराम दास जी एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बेटियों के जीवन के नए अध्याय का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई अपने पुलिस दल के साथ उपस्थित हुए। उन्होंने सहारा अभियान के अंतर्गत समारोह में सहभागिता कर 43 नवविवाहित वर-वधु जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा इस मानवीय पहल की सराहना की।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सभी 43 नवदंपतियों से आत्मीय भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से बाराती बनकर कन्यादान में सहभागिता की तथा प्रत्येक जोड़े को उपहार भेंट कर सुखी, समृद्ध और सफल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। यह दृश्य उपस्थित जनसमुदाय के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायी रहा। इस अवसर पर एसपी मंडलोई ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने हेतु ह्यनीडह्ल, ह्यपरीह्ल, ह्यभरोसाह्ल, ह्यसहाराह्ल एवं ह्यआसराह्ल जैसे जिला स्तरीय अभियान संचालित किए जा रहे हैं। ह्यसहारा अभियानह्ल के माध्यम से पूर्व में 73 जरूरतमंद बेटियों एवं आज 43 जरूरतमंद बेटियों सहित अब तक कुल 116 बेटियों को सहयोग देकर कर उनके विवाह संपन्न कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक कन्या विवाह जैसे आयोजन सामाजिक एकता, बेटी के सम्मान और नारी सशक्तिकरण के सशक्त प्रतीक हैं। पुलिस विभाग सदैव ऐसे लोककल्याणकारी प्रयासों के साथ प्रतिबद्धता से खड़ा रहेगा।

कार्यक्रम की सफलता पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने विवाह प्रबन्धन समिति के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना की सराहना की। इस अवसर पर एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, थाना प्रभारी पलेरा एनडी कोंदर, चौकी प्रभारी कनेरा उप निरीक्षक आकाश गुप्ता, उप निरीक्षक अंकित दुबे, महिला शाखा से प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा सहित थाना पलेरा एवं जिला पुलिस बल टीकमगढ़ के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी नवविवाहित जोड़ों को मंगलकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन समाज में सहयोग, संवेदना और बेटी के सम्मान की सशक्त मिसाल बनकर उभरा।

### घंटाघर की घड़ियां बंद सुध लेने वाला कोई नहीं

ललितपुर। बु. वि. सेना के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग की है कि ललितपुर शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक घंटाघर की घड़ियां महीनों से बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि पहले के जमाने में घंटाघर के घंटे की आवाज सुनकर सुदूर के लोगों को समय का पता चल जाता था। परंतु घंटाघर का यह घंटा सालों पहले मौन हो चुका है।

## 27 जनवरी की रात श्योपुर क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि का मामला विधायक ने विस में उठाया

# विधायक ने कहा ओलावृष्टि से रबी फसलों में भारी क्षति,मंत्री बोले कोई नुकसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विगत 27 जनवरी की रात को श्योपुर क्षेत्र के कई गांवों में बारिश और ओलावृष्टि हुई। इस मामले को श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने मप्र की विधानसभा में उठाते हुए सवाल किया है कि इस प्राकृतिक आपदा से किसानों की रबी फसलों में भारी नुकसान हुआ है। लेकिन सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने विधायक के इस सवाल को नकारते हुए स्थिति को साफ कर दिया कि 27 जनवरी की रात श्योपुर क्षेत्र में हुई बारिश और ओलावृष्टि से रबी फसलों में कोई नुकसान नहीं हुआ है। ऐसे में मुआवजा देने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है।

दरअसल विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा में 27 जनवरी की रात श्योपुर क्षेत्र में हुई बारिश और ओलावृष्टि का मामला उठाते हुए सवाल किया है कि 27 जनवरी की रात को आई प्राकृतिक आपदा से श्योपुर क्षेत्र के कई गांवों के किसानों की रबी फसलों में भारी नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान को सरकार ने कितने प्रतिशत माना है तथा इस नुकसान का मुआवजा सरकार किसानों को किस मान से और कब तक प्रदान करेगी। सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने विधायक जंडेल के इस सवाल को पूरी तरह नकारते हुए जबाव दिया है कि 27 जनवरी की रात को श्योपुर क्षेत्र में बारिश और ओलावृष्टि तो हुई है, मगर इससे किसानों की रबी फसल में कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। जब कोई नुकसान ही नहीं हुआ है तो फिर फसल का मुआवजा देने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है।





### मंत्री ने माना 7025 किसानों को मुआवजा देना शेष रह गया

विधायक जंडेल ने ओलावृष्टि संबंधी सवाल उठाते हुए सरकार से यह भी पूछा है कि अगस्त सितंबर 2025 में हुई ओलावृष्टि और जल भराव से 428 गांवों के 96611 किसानों की 99529 हेक्टेयर में खडी खरीफ की फसल नष्ट हुई थी। जिसका मुआवजा भी अभी तक श्योपुर क्षेत्र के कई किसानों को दिया नही गया है। इस सवाल का जबाव देते हुए मंत्री करण सिंह वर्मा ने स्वीकार किया है कि इस प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावित 7025 किसानों को मुआवजा दिया जाना शेष रह गया है। मंत्री ने कहा कि अक्टूबर 2025 में हुई ओलावृष्टि और जल भराव से श्योपुर जिले के 428 गांवों के 65945 किसानों की धान की फसल प्रभावित हुई। प्रशासनिक टीम के जरिए नुकसान का आंकलन कराते हुए प्रभावित किसानों के खातो में मुआवजा राशि भेज दी गई है। लेकिन 7025 किसानों को मुआवजे की राशि अभी तक इसलिए नहीं दी गई है,क्योंकि उनके द्वारा जरूरी दस्तावेज,बैंक खाता की नकल एवं आधारकार्ड की फोटो कॉपी नहीं दी गई है। बाकी सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि उनके बैंक खातो में जारी कर दी गई है।

### मल्होत्रा ने कहा, मेडिकल कॉलेज में हुई आउटसोर्स भर्ती में स्थानीय निवासियों को क्यों लाभ नहीं दिया



विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने विधानसभा में मेडिकल कॉलेज श्योपुर में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती संबंधी मामला उठाते हुए प्रश्न लगाया है कि श्योपुर के मेडिकल कॉलेज में हुई आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती का न तो विज्ञापन जारी किया गया है और न ही इस भर्ती में स्थानीय निवासियों को लिया गया है। श्योपुर जिले के स्थान पर दूसरे जिले मुरैना, भिंड,शिवपुरी तथा ग्वालियर जिले के निवासियों को आउटसोर्स कर्मचारी नियुक्त किया गया है। विधायक मल्होत्रा के इस सवाल का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र सिंह शुक्ल ने जबाव देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज श्योपुर में अभी तक तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कोई भर्ती नहीं की गई है। 15-15 आउटसोर्स कर्मचारियों की तत्कालिक व्यवस्था मेडिकल कॉलेज ग्वालियर एवं सीएमएचओ ग्वालियर के द्वारा की गई है।उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि आउट सोर्स कर्मचारियों को रखने के लिए स्थानीय निवासी का होना अथवा विज्ञापन जारी करने संबंधी कोई बाध्यता नहीं है।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने शहर की समस्याओं को लेकर सीएमओ को पत्र दिया

# कंपनी की लापरवाही से बर्बाद हो गई 100 करोड़ रुपए से बनी सीसी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर की विभिन्न समस्याओ को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने गुरूवार को नगर पालिका के सीएमओ आरआर यादव से मुलाकात की और उन्हें पत्र सौंपकर समस्याओं के निदान की दिशा में जरूरी कदम उठाए जाने का अनुरोध किया है।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने सीएमओ को अवगत कराया कि शहर के सभी वार्डों में बनी सीसी सडको को पार्वती जलावर्धन योजना के तहत पाइप लाइन डालने का काम कर रही कंपनी के द्वारा जेसीबी के जरिए खोदकर पटक दिया है। इसके बाद सही तरीके से सीसी सडकों की मरम्मत नहीं कराई गई है। जिससे पूरे शहर के लोग परेशान हो रहे है।

खोदी गई सीसी सडकों में लोग गिरकर आए दिन घायल हो रहे है। कीचड और गंदगी की समस्या भी फेल रही है। कुल मिलाकर जलावर्धन कंपनी की लापरवाही के कारण शहर में करीब 100 करोड रूपए से अधिक की सीसी सडके बर्बाद हो गई है। जिसकी भरपाई संबंधित कंपनी से की जाए। नगर मंडल अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 17 की वर्षों पुरानी सीसी सड़क का निर्माण किए जाने की मांग को लेकर अगवत कराया कि झा साहब की कोठी के पीछे मुन्ना लाल गुप्ता के मकान से कन्हैया लाल प्रजापति के मकान तक 300 मीटर सी.सी.सड़क के निर्माण की शीघ्र मंजूरी प्रदान करके इसे बनाया जाए ताकि वार्ड वासियों की समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान हो सके। इसके अलावा नगर के विभिन्न वार्डों की छोटी-छोटी जन समस्याएं सड़क मेंटेनेंस ,नालियों की सफाई ,एवं नालों पर जाल लगाए जाने को लेकर अवगत कराया गया।इस दौरान वार्ड नंबर 17 की पार्षद नाती बाई,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राज बहादुर सिंह मारु, नगर मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र दोहरे आदि उपस्थित रहे। इस दौरान सीएमओ आरआर यादव ने सभी समस्याओं के निराकरण की दिशा में कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाते हुए यह भी अवगत कराया कि जलावर्धन योजना का काम कर रही कंपनी के खिलाफ 20 करोड़ का मानहानि नोटिस दिए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# मुस्लिम समुदाय ने शहरकाजी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर से सटे गवाड़ी मठेपुरा गांव में एक कब्रिस्तान में एक पाइप फैक्ट्री व्यवसाई द्वारा चाटी चलाकर कब्रों को क्षतिग्रस्त कर देने की सूचना से माहौल गर्मा गया।मौके पर पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने टूटी हुई कब्रों को देख नाराज़गी जताई बाद में शहर काजी अतीकुल्लाह कुरैशी के नेतृत्व में एक ज्ञापन कलेक्टर एवं एसपी को सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी एवं अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी तथा मनोनीत अंजुमन सदर अकरम खान, वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष काजी असद उल्लाह कुरैशी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बुधवार की रात मदन चौधरी नामक एक व्यवसाई ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर ग्वाड़ी गांव में स्थित कब्रिस्तान में चाटी चलाकर कई कब्रों को क्षतिग्रस्त कर दिया। गांव के लोगो के द्वारा मना करने पर झगड़े को आमादा हो गया। इस तरह कब्रों की तोफ़ोड़ कर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले आरोपी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई एवं बांड ओवर की कार्रवाई की मांग करते हुए शहर काजी ने अनुरोध किया कि वर्तमान मे रमजान का पवित्र महीना चल रहा है और होली का त्यौहार भी नजदीक है ऐसे में शहर की शान्ति बनी रहे और शहर में कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

# शिक्षा प्राप्ति में शारीरिक विकलांगता बाधा न बने इसकी भी चिंता सरकार ने की:जाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




शिक्षा हासिल करना सबका अधिकार है यह अधिकार आरटीई के तहत भारत सरकार ने सबको दिया है इस अधिकार से वह बच्चे वंचित न रहे जो विकलांगता के चलते दूसरों सामान्य बच्चों की तरह चलने फिरने में सक्षम नहीं होते हैं ऐसे बच्चों को भी सहायक उपकरण देकर उन्हें सामान्य बच्चों के साथ कदम ताल मिलाने का अवसर दिया जा रहा है राज्य शिक्षा केंद्र का यह सराहनीय कदम है। यह बात पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट ने शुक्रवार को खंड स्तरीय सी.डब्ल्यू.एस.एन. शिविर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण वितरण करते हुए कही। इस दौरान 101 बच्चों को 146 सहायक उपकरण वितरण किए।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2025-26 विकासखण्ड स्तरीय सी.डब्ल्यू.एस.एन. सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन गुरूवार को सुबह 10 बजे से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संसथान (डाईट) श्योपुर में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट ने उपकरण वितरण किए। इस दौरान राघवेन्द्र सिकरवार प्राचार्य डाईट श्योपुर, भूपेन्द्र शर्मा डीपीसी श्योपुर, मधु शर्मा बीईओ श्योपुर मौजूद रहे। शिविर में अक्टूबर 2025 में आयोजित चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में चिन्हित विकासखंड श्योपुर के 101 दिव्यांग छात्र-छात्राओ को 146 सहायक उपकरणों (ट्राईसायकल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, हेरिंगऐड, रोलेटर, वैसाखी, ब्रेलकिट, टीएलएम-किट, केलिपर्स आदि) का वितरण किया गय। शिविर में शामिल होने आए सभी बच्चो को भोजन पैकेट एवं परिवहन राशि रु.50/- का नगद वितरण की गई। कार्यक्रम में डाईट आईडी प्रभारी प्रदीप मुदगल, बीआरसी श्योपुर हरिशंकर बाथम, बीएसी रामबाबू वर्मा, हरिप्रसाद जाटव, नीतू कुशवाह, एमआरसी मोहम्मद यूसुफ़, एमआईएस सुरेन्द्र शर्मा, पुस्तक प्रभारी नरपति जाटव, लेखापाल संजय शाक्य, जनशिक्षक राजेश शाक्य, कमल राठोरिया, शिवकुमार मुदगल, राघवेन्द्र जाटव, प्रदीप कुमार जाटव आदि ने शिविर के संचालन में सराहनीय सहयोग किया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एसपी से मिला प्रतिनिधि मंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात कर शहर में हो रही चोरियों पर रोक रोक लगाने की मांग की। भाजपा जिला अध्यक्ष भूषण ने एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को बताया कि शहर में चोरियां रोकने का नाम नहीं ले रही है आए दिन किसी न किसी के घर के आगे चोरी होने की घटना की सूचना मिल जाती है हाल ही में शहर के रेलवे स्टेशन के पास दुकानदार की दुकान में हुई चोरी की घटना भी चिंता जनक है। उन्होंने एसपी अग्रवाल से अनुरोध किया कि इन चोरियों को रोकने के लिए शहर में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए।

# मुकेश गुप्ता की स्मृति में आयोजित होने वाला रक्तदान शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

स्व. मुकेश गुप्ता समृति सेवा न्यास, एवं पुष्पाश्री फाउडेशन, श्योपुर (म.प्र.) के साथ मिल कर सहयोगी संस्था के रूप में जेसीआई श्योपुर का द्वितीय रक्तदान शिविर 28 फरवरी को जिला अस्पताल श्योपुर में आयोजित किया जाएगा।

प्रातः 10 बजे से जिला अस्पताल में इस रक्तदान शिविर में आयोजकों ने रक्तदान दाताओं से रक्तदान करने की अपील की है।

# प्राध्यापक आसिफ कुरैशी को पीएचडी उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



महाविद्यालय श्योपुर के सहायक प्राध्यापक आसिफ कुरैशी को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा भारत में अल्प संख्यकों के मानव अधिकार मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में नामक विषय पर डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि आसिफ कुरैशी का स्पेशलाइजेशन अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और मानवाधिकार है। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार भारद्वाज, डॉ सुभाष, डॉ बीरेंद्र सिंह, डॉ लोकेंद्र सिंह जाट, प्रो अजीत सिंह और डॉ सीमा चौकसे आदि ने बधाई दी।

# विजयपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



होली का त्योहार मेल मुलाकात बढ़ाने वाला पर्व है इसे हर्षोल्लास से मनाएं लेकिन किसी को दुख पहुंचे ऐसा काम न करें किसी को उसकी इच्छा के बिना जबरदस्ती रंग न लगाएं। यह बात गुरुवार को विजयपुर एसडीओपी राघवेंद्र सिंह तोमर ने थाना परिसर विजयपुर में होली के त्योहार एवं चल रहे रमजान माह को ध्यान में रखते हुए आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों को समझाइश देते हुए कही।

एसडीओपी तोमर ने त्योहार पर आपसी सौहार्द्र बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि आजकल सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी पोस्ट करने का चलन आपराधिक स्वरूप ले चुका है इससे खुद बचे और दूसरों को बचाएं। उन्होंने समाज के प्रतिनिधियों के माध्यम से असामाजिक तत्वों को संदेश दिया कि अगर त्यौहार की आड़ में किसी तरह की असामाजिक हरकत मिली तो उसे अच्छे से समझाया जाएगा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश टीआई राजेंद्र सिंह गुर्जर को दिए वही जुलूस मार्ग और समय निर्धारण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान तहसीलदार अमिता सिंह तोमर, ट्रैफिक प्रभारी सूबेदार भगवत प्रसाद पांडे, बिजली विभाग के एई शशांक पांडे, सीएमओ मनोज शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शिवम मुद्गल नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा मुस्लिम समाज अध्यक्ष बंटी हकीम खान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हरकिशन कुशवाह श्रीधर गुर्जर समाजसेवी अजीज खान जलालुद्दीन खान रईस अहमद पार्षद, फूला शाह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सीवर ट्रीटमेंट प्लान को अमली जामा पहनाने के बजाए जुगाड़ तलाशती रही परिषदें

# सिर्फ बातों तक ही सीमित रही शहर को गंदगी और जल भराव से मुक्ति की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर शहर के बाजारों में सड़कों पर पानी भरने नाले चौक हो जाने जैसी समस्या से लोगों का आए दिन दो-चार होना आम समस्या है। इस समस्या के निराकरण के लिए अभी तक परिषदें कोई स्थाई समाधान नागरिकों को मुहैया कराने के बजाय सिर्फ जुगाड़ से काम करने की योजना पर ही अमल करती रही हैं।

हालांकि मीरा रमेश गर्ग की परिषद के समय सीवर ट्रीटमेंट स्वीकृत हुआ था लेकिन न तो तब की परिषद और न उसके बाद आई दौलतराम गुप्ता की परिषद अथवा प्रशासक काल में प्रशासन उक्त योजना को धरातल पर उतारने में सफल नहीं हो सका। वर्तमान परिषद ने भी नया प्लान भेजा है लेकिन जिस तरह वर्तमान परिषद की गतिविधि चल रही हैं उससे लगता नहीं कि यह परिषद भी इस समस्या से छुटकारा दिलाएगी।

वर्ष 2021 में आई सदी की सबसे भीषणतम बाढ़ के बाद कारणों पर चिंतन मनन हुआ जिसमें यह बात निकलकर सामने आई कि शहर में नदियों का रास्ता रोकने के कारण अधिक तबाही हुई इसके बाद एक दशक पहले बनाई गई सीवर ट्रीटमेंट प्लान की योजना को अमल में लाने की कवायत शुरू हुई और प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज भी दिया गया लेकिन अभी तक उक्त योजना पर क्या कार्रवाई हुई कोई बताने को तैयार नहीं है। अलबत्ता सीवर लाइन नहीं होने की वजह से लोगों को वर्षाकाल में तो क्या सर्दी और गर्मी के मौसम में भी जल भराव की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी बानगी आए दिन चूड़ी मार्केट और सब्जी मंडी में देखी जा सकती है जहां नाले चौक होकर पानी सड़कों पर बहता रहता है। हालांकि नालों सफाई के लिए नगर पालिका परिषद ने जुगाड़ खूब किए लेकिन स्थाई समाधान नहीं किया ऐसे जुगाड़ 2 साल पहले किए गए जिसमें सफाई कर्मचारियों के बजाय वर्षा काल से पूर्व नाले सफाई का तीन निजी कंपनियों को ठेके पर दिया गया। 10-10 लाख रुपए के हुए ठेके में कंपनी ने 30 लाख रुपए नगर पालिका से वसूल लिए लेकिन जल भराव की स्थिति कम होने के बजाय और अधिक बढ़ गई।



### 15 साल से हो रहे प्रयास नहीं मिली सफलता

पिछले 15 साल से तो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं, पर सफलता नहीं मिली। वर्ष 2010 में सीवर लाइन के प्रोजेक्ट की पहली डीपीआर बनाई गई, यह डीपीआर जयपुर की एक्सल कंपनी द्वारा बनाई गई, जिसमें शहर में सीवर लाइन बिछाने में 120 करोड़ रुपए का खर्च बताया गया था, लेकिन शासन ने इसकी मंजूरी नहीं दी और यह प्रोजेक्ट अधूरा रह गया। इसके बाद नपा ने डीपीआर में सुधार कराते हुए फिर से शासन को भेजी, इस बार इसको 50 लाख रुपए तक में सीमित कर दिया गया, लेकिन यह भी मंजूर नहीं हो सकी। इसके बाद और कई बार इसके लिए प्रयास किए गए, पर पहली बार इसके लिए शासन से राशि की स्वीकृति हुई है।

### अमृत योजना 2.0 में भेजा प्रस्ताव

श्योपुर शहर को जल भराव की स्थिति से बचने के साथ-सा द जीवनदाई नहीं माने जाने वाली शिव नदी को नलों से हो रहे प्रदूषण से भी मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से जल संरक्षण के नाम पर रेनू राठौर की परिषद ने केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत लगभग 40 करोड़ रुपए लागत से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर लाइन डालने की परियोजना स्वीकृत के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया सूत्रों की माने तो परियोजना को सरकार ने हरि झंडी भी दे दी है लेकिन परियोजना धरातल पर उतरेगी इसका लोगो को विश्वास कम ही है। जो डीपीआर तैयार की गई है उसके तहत शहर के 18 गंदे नालों को सीप नदी में मिलने से रोकने के लिए 20 किमी लंबे नाले/सीवर नेटवर्क का निर्माण किया जाएगा।

### इनका कहना है

सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की डीपीआर बनवाकर अमृत 2.0 योजना के तहत शासन को भेजा गया था उसकी स्वीकृति भी मिल गई है जैसे ही पैसा आएगा टेंडर कराकर काम शुरू कर देंगे।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

# एनएसयूआई ने गर्ल्स कॉलेज में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शासकीय आदर्श गर्ल्स कॉलेज श्योपुर में गुरूवार को पांच सूत्रीय मांगो को लेकर एनएसयूआई ने धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन करने के बाद प्राचार्य को दिए ज्ञापन में एनएसयूआई से जुडी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने गर्ल्स कॉलेज रूट पर ऑटो चलाए जाने, पुलिस की तैनाती किए जाने, समय पर क्लासे लगने,सीसीटीवी कैमरे चालू लगाए जाने की मांग की। साथही 15 दिन में समस्याओं का समाधान न किए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दे डाली। प्रदर्शन के दौरान नम्रता चौहान, आयुषी भदोरिया, पीयूष शिवहरे, अभिषेक मीणा बमोरी, श्याम मीणा, नदीम खान, दीपक बैरवा, ललित मीणा, नितिन मीणा राजकुमारी अकोदिया, शिवानी धोरे, अंजलि निवारिया, जीतू मेहर, मुस्कान जाटव, काजल बाल्मिक, अनीशा राजपूत,रिया वर्मा आदि एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल के पीछे निवासी चन्द्रपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रिन्स यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी भारतेन्दु लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रवेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी सुनील जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन सिंह और सरोजबाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रहटवास निवासी केदारसिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अल्वेस चंदेल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम नंदनवाड़ा थाना खनियांधाना निवासी वंदना जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर अनिल जाटव, सेवलाल, कलावति बाई जाटव ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मामला दर्ज किया है।

### ई-टोकन प्रणाली में एंडरॉइड मोबाइल से टोकन बुक करने की प्रक्रिया

**अशोकनगर।** पंजीकरण किसानों का अपना आधार नम्बर एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। फार्मर आई.डी. पर रकबा एवं फसल की जानकारी अपडेट होना आवश्यक है। मोबाईल पर ओ.टी.पी. के माध्यम पंजीयन की प्रक्रिया करनी होगी। टोकन जनरेशन - पोर्टल किसान की चयनित फसल और उपलब्ध रकबे के अनुसार आवश्यक उर्वरकों के प्रकार और वितरण केन्द्र के चयन के बाद स्वचालित रूप से ई-टोकन जारी करेगा। ई-टोकन जनरेट करने के लिए पोर्टल से ई-विकास प्रणाली के जरिये डेसबोर्ड खुलेगा जहां से ई-टोकन जनरेट करने के लिए आधार नम्बर डालना होगा किसान के आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर आई ओ.टी.पी. डालने पर किसान की भूमि और पट्टे की जानकारी आएगी, कृषक को भूमि के लिए रकबा और फसल तय करना होगा जिससे खाद की मात्रा वैज्ञानिक आधार पर स्वतः पोर्टल पर अपडेट होगी।

### विधिक जागरुकता शिविर में विधिक संबंधी जानकारियां दी गई

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में तथा सचिव मनीष अनुरागी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह की उपस्थिति में बुधवार को ए.डी.आर. सेंटर, अशोकनगर में पैरालीगल वालंटियर्स (रिवाइज्ड) योजना 2013 के अंतर्गत एक आवश्यक बैठक सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त बैठक का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर द्वारा जिला मुख्यालय अशोकनगर एवं तहसील विधिक सेवा समिति मुंगावली, चंदेरी एवं ईसागढ़ में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना एवं संचालन संबंधी जारी आदेश के पालन में किया गया। बैठक के दौरान लीगल एड क्लीनिक के सुचारू संचालन, अभिलेख रजिस्टर संधारण, पक्षकारों के साथ व्यवहार, पैरालीगल वालंटियर्स के कर्तव्य एवं दायित्व तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही उपस्थित पैरालीगल वालंटियर्स को उनके दायित्वों के प्रभावी निर्वहन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पैरालीगल वालंटियर्स को पहचान-पत्र (आई.डी. कार्ड), लीगल एड क्लीनिक संबंधी बैनर एवं 'न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह' अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पैरालीगल वालंटियर्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विधिक सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

शुरुआती तौर पर ही फसल के दामों में तेजी का रुख

# मंडी में सरसों, मसूर और तिवड़ा की नई फसलों के आगमन का श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







कृषि प्रधान अशोकनगर जिले में नई रबी की फसलों के आगमन की शुरूआत हो गई है। मण्डी में सरसों , मसूर और तिवड़ा की नई फसल के आगमन के साथ ही शुरूआती तौर पर ही मण्डी में माल के दामों में तेजी का रूख है। पहली बार ऐसा हो रहा है जब नई फसलें आते ही दाम भी किसानों को अच्छे मिल रहे हैं, हालांकि मंडी में आने वाले नए माल में नमी देखने को मिल रही है।

अशोकनगर जिले में यहां की सबसे बड़ी गल्ला मंडी है, भले ही जिले में पिपरई,मुंगावली, चंदेरी बहादुरपुर, शाढ़ौरा, ईसागढ में कृषि उपज मंडी हों लेकिन इन मंडी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले किसान यहां की मंडी में माल बेचने आते हैं इसके पीछे किसानो के तर्क हैं कि उन्हें माल के सही दाम मिलते हैं और दूसरा किसान के द्वारा विक्रय किए जाने माल का नगद भुगतान किया जाता है। जिसके कारण किसान अशोकनगर मंडी में माल लेकर पहुंचते हैं, जिले के तो किसान आते ही आते हैं जिले के पड़ौसी जिले, शिवपुरी, और विदिशा जिले के किसान भी यहां की मंडी में माल बेचने आते हैं, जिनमें विदिशा जिले की कुरवाई तहसील और शिवपुरी जिले की खनियांधाना तहसील के किसान शामिल हैं। सीजन के दिनों में अशोकनगर पहुंचने वाले सारे मार्गों पर आने और जाने वाले ट्रेक्टरों की कतारें लगी रहती हैं।

### 2500 बोरी सरसों की आवक, दामों में तेजी,

होली से पहले नई फसलों के आगमन ने इस बात का संकेत दे दिया है कि होली के त्यौहार के बाद मंडी में माल की आवक अधिक रहने के आसार हैं, वर्तमान में अशोकनगर गल्ला मंडी में सरसों बड़े पैमाने पर आ रही है। वुधवार को अशोकनगर गल्ला मंडी में 2500 बोरी सरसों की आवक हुई, हालांकि जितना भी माल आ रहा है उसमें एक या दो ट्राली को छोड़ दे तो अधिकांश माल में नमी है। ग्रेन मर्चेन्ट एशोसियसन के सचिव राजेश पॉलीवाल ने बताया कि पिछली बार जब नई फसल के रूप में सरसों का आगमन हुआ था उस समय शुरूआत तौर पर दाम 5600 से 5800 रूपए के बीच थे लेकिन इस बार शुरूआत 6200 रूपए प्रति क्विंटल के दामों से हो रही है। हमेशा से ऐसा होता आया है कि जब भी नई फसल आती है तब आने वाली फसल के दाम कम होते हैं जैसे जैसे मंडी में आवक बढ़ती है वैसे वैसे दामों में कमी आ जाती है। लेकिन शुरूआती तौर पर सरसों के दाम यह बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में अच्छी तेजी के आसार हैं। र्कइं प्लांटों के द्वारा मार्च तक 7100 रूपए प्रति क्विंटल सरसों के दाम होने की संभावना है। हालांकि सरसों के दाम शासन ने 6200 प्रति रूपए क्विंटल तय किए हैं जिससे सरकारी दरों पर खरीद के साथ मंडी में बिकने वाले दाम एक जैसे हैं। जिसके कारण किसानों का रूख मंडी की ओर अधिक है। वर्तमान में जो सरसों की आवक हो रही है वह सीधे प्लांटों जा रही है, मुरैना और आगरा के बाद समसाबाद से ज्यादा सरसों की मांग आ रही है।

### इनका कहना है



अशोकनगर मंडी जिले के साथ प्रदेश की प्रमुख गल्ला मंडी है इसे सुपर ए मंडीयो में गिना जाता है। यहां आने वाले किसानों को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, नगद भुगतान होता है, मंडी में किसान और व्यापारियों के बीच कभी कोई ऐसे विवाद सामने नहीं आते यही कारण है कि किसानों की पहली पंसद अशोकनगर मंडी है।

**भागीरथ अहिरवार** सचिव कृषि उपज मण्डी समिति अशोकनगर



अशोकनगर मंडी में नई फसलों के रूप में सरसों, मसूर और तिवड़ा की शुरूआत हुई है। मंडी में इस बार अच्छा व्यापार होने की संभावना है इस कारण व्यापारी नई आने वाली फसलों के भविष्य में दाम अच्छे मिलने की संभावना जता रहे हैं।

**राजेश पॉलीवाल** सचिव ग्रेन मर्चेन्ट एशोसियसन।

### मसूर के दाम मंडी में कम, सरकारी खरीद के दाम 1000 रूपए अधिक

अगर नई फसलों के रूप में मसूर की बात करें तो इस बार जिले में मसूर की फसल भी अच्छी है लेकिन आवक वुधवार को 600 बोरी रही। सरसों की तुलना में मसूर में अधिक नमी है, दाम भी 6050 प्रति क्विटंल के चल रहे हैं। अशोकनगर के व्यापारी प्रारंभ से ही मसूर का स्टॉक करने में लगे हैं, मसूर के दामों में भले ही आगे तेजी का रूख हो या न हो लेकिन सरकार ने मसूर की खरीदी के लिए दाम 7000 रूपए प्रति क्विंटल तय किए हैं। मंडी में बिकने वाले माल और सरकारी खरीद को लेकर लगभग 1000 रूपए प्रति क्विंटल का अंतर है, जब भी सरकारी स्तर पर मसूर की खरीदी होगी, पंजीयन कराने वाले किसान मंडी की जगह खरीदी केन्द्रों पर माल लेकर पहुंचेगें क्योकि उन्हें 1000 रूपए क्विंटल के दाम अधिक मिलना है, लेकिन यहां सरकारी खरीद और मंडी के दामों में एक हजार रूपए क्विंटल का अंतर होने के कारण अनेक लोग अभी से ही अपनी मसूर चाहे वह मंडी में खरीद हो रही हो चाहे वह किसान से सांठ गांठ कर खरीदी केन्द्रों पर माल बेचने की तैयारी में लग गए हैं, इस तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हर बार कहीं न कहीं इसी तरह के दामों में अंतर का लाभ बिचैलिया उठाने में सफल हो जाते हैं।

### मंडी में काली और पीली दो तरह की बटरी का आगमन

मंडी में आने वाली तीसरी नईं बटरी की है हालांकि बटरी की पैदाबार यहां अन्य फसलों की तुलना में कम होती है लेकिन कईं किसान बटरी को प्राथमिकता से पैदा करते हैं। वुधवार को अशोकनगर मंडी में 1000 बोरी बटरी की आवक हुई, यहां बटरी दो प्रकार की आती है एक काली और दूसरी पीली। काली बटरी के दाम कर रहते हैं और पीली के अधिक रहते हैं, मंडी में काली बटरी के दाम 3600 से 3700 रूपए प्रति क्विंटल रहे जबकि पीली बटरी के दाम 4400 से 4500 रूपए प्रति क्विंटल के रहे। यह बटरी का उपयोग दाल के रूप में होता है और जिसकी मांग कटनी तरफ से अधिक आ रही है जितनी भी बटरी की खरीदी हो रही है वह पूरी बटरी कटनी की ओर जा रही है। अभी मंडी में नए चने की शुरूआत भी हो गई है लेकिन न के बराबर चना आ रहा है, अगर सबकुछ अच्छा रहा तो मंडी में इस बार अच्छी फसल आने की संभावना है।

## मन के हारे हार हैं, मन के जीते जीतः डॉ लवानिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय सप्ताह में शिक्षक काउंसलरों ने अपने-अपने विद्यार्थियों को गीत, कविता, स्लोगन एवं सकारात्मक गतिविधियों व बात करें-वोझ हल्का करें विषय पर परिचर्चा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, जीवन को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए एवं स्वयं को समाज में एक सफल नागरिक के रूप में प्रस्तुत करने के लिए अनेकानेक समस्याएं आएंगी लेकिन आप सदैव अपने जीवन की, अपने मन की बातों को अपने मार्गदर्शन-माता-पिता, शिक्षकों को बताएं एवं सही मार्ग को जीवन में अपनाएं। नोडल अधिकारी डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा मन के हारे हार हैं, मन के जीते जीत हमें अपने मन पर इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए। यदि हमने अपने आप को नियंत्रित कर लिया तो जिंदगी आसान हो जाएगी एवं जीवन में आने वाली हर परिस्थिति का हम आसानी से सामना कर सकेंगे और जीवन में मानसिक तनाव, चिंता, अस्वस्थता ,क्रोध एवं अन्य अनेक नकारात्मक गतिविधियों से स्वतः दूर हो जाएंगे । कॉलेज के समस्त शिक्षक काउंसिलरों ने अपने-अपने विद्यार्थियों को गीत, कविता, स्लोगन के माध्यम से सकारात्मक सोच एवं उत्साह का विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित, आनंद पूर्ण वातावरण बनाना, छात्राओं को अपनी भावनाएं एवं समस्याएं साझा करने के लिए प्रेरित करना, मानसिक तनाव एवं अकेले की भावना को कम करना, संवाद एवं आपसी सहयोग की भावना को विकसित करना आदि अन्य अनेक जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर बातचीत करके विद्यार्थियों से चर्चा की। शिक्षक काउंसलर प्रकाश चंद्र, मृणालिनी मिश्रा, सत्यम सिंह कुर्मी, डॉक्टर निशि भदोरिया, डॉक्टर आशीष गुप्ता, डॉक्टर अमन आर्य, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, आरती ठाकुर, मनीता राजपूत, कीर्ति ठाकुर ने विद्यार्थियों को दिशा निर्देश दिए।


## होली पर भोपाल मंडल से चलेगी स्पेशल ट्रेनें, बीना रहेगा स्टॉपेज

**बीना।** रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्धेश्य से मंडल से 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। जिनमें से तीन ट्रेनें बीना, सागर, दमोह होकर गुजरेगी और उनका स्टॉपेज बीना स्टेशन पर होगा। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 02192 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 02191 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। युक्त ट्रेन एक-एक ट्रिप चलेगी। रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप चलेगी। ट्रेन नंबर 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 2 एवं 3 मार्च को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 2 एवं 3 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 7:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। भोपाल-रीवा-भोपाल स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप चलेगी इसी तरह ट्रेन नंबर 01704 भोपाल से रीवा स्पेशल ट्रेन 5 मार्च को भोपाल से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 20:45 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 01703 रीवा से भोपाल स्पेशल ट्रेन 5 मार्च को रीवा स्टेशन से रात 22:20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 9:05 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी। जनसंपर्क अधिकारी ने लोगों से अपील की है यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

परीक्षार्थियों ने कहा जिससे वह सवाल नहीं कर पा रहे हैं हल

## विद्यार्थियों का आरोप-बोर्ड परीक्षाओं में समय पूरा होने से पहले कराई जा रही कॉपी जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई




माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड परीक्षा के दौरान इस तरह की कईं शिकायतें परीक्षार्थीयों ने बताई कि समय से पहले उनकी कॉपियां ले ली जाती है जिसके कारण वह पूर प्रश्न हल नहीं कर पाते हैं। पिपरई परीक्षा केंद्र पर छात्र-छात्राओं से निर्धारित तीन घंटे की अवधि पूरी होने से पहले ही उत्तर पुस्तिकाएं जमा कराली जाती हैं, परीक्षा शुरू होने के एक से डेढ़ घंटे के भीतर ही बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों से समय से पहले कापियां जमा करा रहे हैं।

विद्यार्थियों में अपेक्षा धाकड,.सोनम रजक ने बताया कि समय से पहले हमारी कापी जमा करा लेते हैं वही श्रद्धा उपाध्याय ने बताया कि कॉपी 11:30 बजे ले ली जाती है, गणित के पेपर में मुझे और भी सवाल करना थी लेकिन मेरी कॉपी पहले ही ले ली जिससे मैं और सवाल हल नहीं कर पाई। हालांकि शिक्षकों का मत है कि जल्दबाजी में कापी जमा करना विद्यार्थियों के भविष्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा में अंतिम 15-20 मिनट उत्तरों की पुनः जांच के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसी दौरान विद्यार्थी छोटी-छोटी त्रुटियों को सुधार सकते हैं, जिससे अंक बढ़ने की संभावना रहती है। जल्दबाजी में कापी सौंप देने से कई बार सही उत्तर भी अधूरे रह जाते हैं। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं सामान्य रहीं और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। प्रशासन ने भी सभी केंद्रों पर निगरानी के पर्याप्त इंतजाम किए हैं। अभिभावकों ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे घबराहट या आत्मविश्वास के अतिरेक में समय से पहले कापी जमा न करें, बल्कि पूरा समय लेकर उत्तरों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें।

### कार्रवाई करूंगा

इस विषय में जब जिला अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया से बात की तो उन्होंने बताया मुझे इसकी शिकायत मिली थी ओर इसकी जानकारी लगी है मैं शीघ्र इस विषय पर कार्रवाई करूंगा। अगर ऐसा हे तो में खुद जांच करूंगा ओर कार्रवाई की जाएगी।

**चंद्रशेखर सिसोदिया,** जिला शिक्षा अधिकारी

## सब रेंज कैंपस ईसागढ़ में वन मंडल स्तरीय शाख कर्तन कार्यशाला हुई






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

सबरेंज केंपस में वन मंडल स्तरीय शाख कर्तन कार्यशाला 2026 का आयोजन किया गया। वनमंडल अधिकारी प्रतिभा अहिरवार के निर्देशन में उक्त कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोकनगर आकाश साहू एवं रितिका यादव वन परिक्षेत्र अधिकारी चंदेरी, पोषक अधिकारी, समिति प्रबंधक, फड़ अभिरक्षक, क्रेता एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिसमें संग्रहण वर्ष 2026 में उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए कार्यशाला में विस्तृत रूप से बताया गया कि जितना बेहतर शाखकर्तन होगा उतने ही उच्च क्वालिटी का तेंदूपत्ता संग्रहित हो सकेगा। उच्च क्वालिटी का तेंदूपत्ता प्राप्त करने के लिए शाखकर्तन कार्य करने का महत्व समझाया एवं अधिकारियों,कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र में जाकर शाख कर्तन का फील्ड प्रशिक्षण भी दिया गया।

मिलजुल कर पर्व मनाने का दिया संदेश

## कोतवाली परिसर में आने वाले त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



आगामी दिनों में हिंदू मुस्लिम वर्ग के संयुक्त तैयार त्यौहार प्रतिवर्ष अनुसार परंपरागत स्वरूप में आयोजित होगें होली उत्सव के दौरान ही मुस्लिम पक्ष से पवित्र रमजान माह चल रहा है शहर में शांति और सद्भाव की मिसाल कायम रखते हुए सभी तीज त्योहार मनाए जायेगे ।

टी आई सिटी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चैहान के आह्वान पर ट्रैफिक प्रभारी , नपा इंजीनियर भानु प्रताप सिंह कुशवाह तथा विद्युत वितरण विभाग के शहर उप यंत्री उज्जवल सर के साथ गणमान्य नागरिकों तथा सामाजिक व धार्मिक संगठन सदस्यों के साथ शांति व्यवस्था के साथ पर्व और होने वाले आयोजनों पर चर्चा के साथ सुझाव लिए होली त्योहार के सभी आयोजनों में होलिका दहन , धुरंडी , दोज तथा रंगपंचमी उत्सव पर नगर पालिका सहित विद्युत विभाग तथा शहरी ट्रैफिक को व्यवस्थित बनाए रखने की बात पूर्व अनुभवों के आधार पर सुनिश्चित की है, बैठक में अधिकांश लोगों ने होली दहन , रंग पंचमी के आयोजनों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्वाइंट क्लियर किए हैं, टी आई ने पर्याप्त पुलिस व्यवस्था शहर के अलग अलग जॉन में लगा कर व्यवस्थाएं सामाजिक मान से अनुकूल बनाए रखने की व्यवस्था से सदस्यों को अवगत कराया। उक्त बैठक में हिंदू संगठनों से विकास जैन, राम कुमार चैधरी, हिंदू उत्सव समिति से अजय शर्मा तथा वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, सतीश पाराशर एवं अंजुमन इस्लाम कमेटी से सदर राशिद पटेल, इस्माइल खान कुरैशी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

**जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 27 फरवरी को होगी।**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 27 फरवरी 2026 को सायं 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

नवीन सदस्यों को किया गया सम्मानित

## सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ की बैठक में वार्षिक महोत्सव के आयोजन की रूप रेखा की गई तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा अशोकनगर द्वारा वेदान्त भवन अशोकनगर में महासंघ की बैठक का आयोजन रखा गया। जिसमें वार्षिक महोत्सव के साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे द्वारा की गई। मुख्य अतिथि अशोक शर्मा रहे। ओम के उच्चारण के साथ बैठक का प्रारंभ करते हुए सेवा निवृत अधिकारी,कर्मचारी पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे द्वारा सभी पदाधिकारी व सदस्यों का परिचय दिया गया। तत्पश्चात संघ के सदस्य रघुवीर पाराशर के पुत्र ऋषभ पाराशर का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के उपलक्ष में सभी सदस्यों द्वारा रघुवीर पाराशर को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई व करतल ध्वनि से हर्ष व्यक्त किया गया। तत्पश्चात नवीन सदस्यों को पहचान पत्र वितरित किए गए तथा नवीन सदस्यों को सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान नवीन सदस्य डॉ बी.एस जम्होरिया, लालाराम अहिरवार, बद्री प्रसाद श्रीवास्तव, बी.एस सुमन,प्रताप सिंह रघुवंशी को सदस्यता ग्रहण करवा कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से वार्षिक उत्सव की तिथि 16 मार्च 2026 निर्धारित की गई व इसी दिन प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक के अशोकनगर में आयोजन पर भी सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

### वार्षिक उत्सव के आयोजन को लेकर समिति गठित की गई

वार्षिक उत्सव की सुचारू रूप से व्यवस्था के लिए पांच सदस्यों की समिति गठित की गई जिसमें प्रांतीय कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा जिला अध्यक्ष दिनेश बिरथरे, प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष हरबंस लाल जुनेजा व वरिष्ठ सदस्य बालचंद नरवरिया को चयनित किया गया। जो कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु संघ के सदस्यों को दायित्व सौंपेंगे। बैठक में संघ के सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने व आर्थिक व्यवस्था सुदृण करने के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक को जिला अध्यक्ष दिनेश बिरथरे एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा द्वारा संबोधित किया गया व सदस्यों की आशंकाओं का समाधान किया गया। अंत में संघ के मध्य क्षेत्र सह बैद्धिक प्रमुख समाजसेवी हितानंद शर्मा की माताजी जनक दुलारी शर्मा के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ईश्वर से जीवात्मा को अपने चरणों में स्थान देने व परिजनों को इस गहन दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की गई। अंत में सभी सदस्यों का आभार वरिष्ठ सदस्य श्री महेश कुमार शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष दिनेश बिरथरे, प्रांतीय सहकोषाध्यक्ष महेश शर्मा सचिव महाराज सिंह रघुवंशी, जिला कोषाध्यक्ष संजय चैधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरि ओम शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष हरबंस लाल जुनेजा,बरिष्ठ सदस्य अमर सिंह रघुवंशी, रघुवीर पाराशर, संतोष तिवारी, बालचन्द नरवरिया प्रियकांत माथुर, सीताराम यादव, रमेश पाराशर, रवींद्र भारद्वाज, प्रकाशचन्द जैन आदि रहे मौजूद।